हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 17 सितंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 बुजुर्ग ने जैन साध्वी के प्रति श्रद्धा के लिए 50 हजार...



09 सेंटमेरी कॉलेज में बीबीए विभाग की ओर से...



खबर संक्षेप

जिलेभर में आज जलेंगे आशीर्वाद के दीये

विदिशा। सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार 17 सितंबर को जिलेभर में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। कार्यक्रम के दौरान जिले के सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों सहित जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत, नगरीय निकायों के सभी वार्डों तथा नदी तटों और घाटों पर सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने संबंधित विभागों और स्थानीय प्रशासन को आयोजन को सुव्यवस्थित तरीके से कराने के निर्देश दिए हैं। एक साथ आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम सेवा संकल्प अभियान की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा।

जिले के 8 अस्पतालों में रक्तदान शिविर आज

विदिशा। संकल्प सेवा अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर को जिले के आठ अस्पतालों में रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय और ब्लड बैंक मेडिकल कॉलेज के समन्वय से सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक शिविर लगेंगे। शिविर के नोडल अधिकारी संबंधित बीएमओ रहेंगे। शिविर ब्लड बैंक जिला अस्पताल, ब्लड बैंक मेडिकल कॉलेज, सिविल अस्पताल सिरोंज, बासोदा तथा सामुदायिक अस्पताल कुरवाई, लटेरी, नटेरन और ग्यारसपुर में आयोजित होंगे।

उत्तम क्षमा धर्म के साथ शुरू हुआ पर्युषण पर्व

विदिशा। श्री शीतलनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर ट्रस्ट किले अंदर में दस दिवसीय दशलक्षण धर्म विधान एवं पर्युषण पर्व उत्साह के साथ शुरू हुआ। प्रथम दिन उत्तम क्षमा धर्म मनाया गया। प्रवक्ता डॉ. मक्खन लाल जैन ने बताया कि सुबह भगवान का अभिषेक, पूजन और विधान संपन्न हुआ। मुंबई से आए पंडित संयम शास्त्री ने समयसार नाटक ग्रंथ पर प्रवचन दिया। उन्होंने बताया कि कविवर बनारसीदास द्वारा रचित यह ग्रंथ आचार्य कुंदकुंद के समयसार पर आधारित है। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

अनाज व्यापारियों की हड़ताल स्थगित हुई



विदिशा। अनाज व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात कर व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है। इसके बाद प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल को स्थगित कर दिया गया है। अनाज तिलहन व्यापार महासंघ के प्रदेश महामंत्री राधेश्याम माहेश्वरी ने बताया कि सिर्फ आज प्रदेश की सभी मंडियों में एक दिन बंद रखकर सांकेतिक हड़ताल की जाएगी।

प्रदर्शन: 12 मांगों को लेकर सर्व समाज एकता मंच ने निकाली विशाल रैली

यूजीसी रेगुलेशन रद्द करने, आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू कराने उमड़ा जनसैलाब

जनसभा में वक्ताओं ने कहा- सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखे सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

यूजीसी रेगुलेशन 2026 को रद्द करने, आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने और एससी-एसटी एक्ट में संशोधन सहित सर्व समाज से जुड़ी 12 मांगों को लेकर बुधवार को अटारीखेजड़ा में सर्व समाज एकता मंच के नेतृत्व में रैली और जनसभा हुई। कार्यक्रम में 40 गांवों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। रैली के दौरान यूजीसी रेगुलेशन के विरोध में नारे लगाए गए और मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की गई।

दोपहर करीब 1 बजे बसस्टैंड पर सर्व समाज के लोग एकत्रित हुए। यहां से रैली मुख्य मार्ग होते हुए दिव्य नमन स्कूल पहुंची। इसके बाद मुख्य बाजार से सभा स्थल पर पहुंची। कार्यक्रम को लेकर पिछले करीब 10 दिनों से आसपास के गांवों में जनसंपर्क किया गया। सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ सामाजिक और धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया। विदिशा से भी सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग रैली में पहुंचे। मुख्य वक्ता रघुवंशी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर रघुवंशी ने कहा कि यूजीसी रेगुलेशन 2026, आर्थिक आधार पर आरक्षण, एससी-एसटी एक्ट में संशोधन समेत 12 सूत्रीय मांगों को लेकर अपने विचार रखे।

मंच ने यूजीसी द्वारा लागू किए गए नए नियमों की समीक्षा कर भेदभाव या असमानता की स्थिति पैदा करने वाले प्रावधान वापस लेने की मांग की। प्रतियोगी परीक्षाओं में सभी वर्गों के लिए फीस, आयु-सीमा और शारीरिक मापदंड समान रखने तथा सामान्य वर्ग के हितों के लिए राष्ट्रीय आयोग के गठन की मांग की गई। ज्ञापन में आरक्षण में आर्थिक आधार को महत्वपूर्ण मानदंड बनाने, एक परिवार, एक आरक्षण, एक बार' के सिद्धांत पर विचार करने और क्रीमी लेयर व उप-वर्गीकरण को प्रभावी बनाने की मांग भी शामिल है। आरक्षित सीटों पर न्यूनतम योग्यता अनिवार्य करने, निजी क्षेत्र में युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल विकास व रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा आरक्षण से संबंधित पारदर्शी आंकड़े जारी करने की मांग की गई। वहीं रघुवंशी समाज के जिलाध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने सामाजिक नेतृत्व के रूप में कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन राजपूत समाज के जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह राजपूत ने किया। इस दौरान रघुवंशी समाज के कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र रघुवंशी सहित नीलम रघुवंशी, बबलू रघुवंशी, अरुण शर्मा, दीपक रघुवंशी ग्यारसपुर, अरविंद सिंह राजपूत, रविंद्र रघुवंशी एवं अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।



विदिशा। प्रदर्शन में सर्व समाज के लोग शामिल हुई और मुख्य मार्गों से रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा गया।

राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

जनसभा के बाद आयोजकों की ओर से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा गया। इसमें यूजीसी रेगुलेशन 2026 को रद्द करने, आर्थिक आधार पर आरक्षण और एससी-एसटी एक्ट में संशोधन समेत अन्य मांगें शामिल रहीं। जनसभा को सुभाष बोहत, सरदार सिंह रघुवंशी, संजय तिवारी, प्रवेंद्र शर्मा, लोचन सिंह राजपूत, सुजीत देवलिया और महेंद्र किरार अतुल तिवारी, विजय दीक्षित, संजू रघुवंशी, रविंद्र रघुवंशी, हेमंत रघुवंशी, रामकृष्ण रघुवंशी सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया।

रैली से पहले 40 गांवों में जनसंपर्क

आयोजकों ने बताया कि रैली से पहले करीब 10 दिनों तक आसपास के 40 गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। सामाजिक और धार्मिक संगठनों के साथ सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था।

रोजगार सहायकों ने दी हड़ताल की चेतावनी, नियमितीकरण और सचिवों जैसी सुविधाएं मांगीं

कहा: घोषणाएं पूरी नहीं हुईं तो करेंगे आंदोलन



विदिशा। ज्ञापन सौंपते हुए सचिव संगठन।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नियमितीकरण और पंचायत सचिवों के समान सुविधाओं की मांग को लेकर जिला ग्राम रोजगार सहायक संगठन के बैनर तले बुधवार को जिलेभर के रोजगार सहायक कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री और पंचायत मंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

संगठन ने दावा किया कि प्रदेश के सभी 55 जिलों में एक साथ ज्ञापन दिए गए हैं। संगठन के जिला अध्यक्ष जितेंद्र ने बताया कि 2023 में भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रोजगार सहायकों के लिए घोषणाएं की थीं। इसके बाद प्रशासनिक पत्र भी जारी हुआ, लेकिन अब तक घोषणाओं पर अमल नहीं हुआ। ज्ञापन में रोजगार सहायकों को नियमित करने के साथ पंचायत सचिवों जैसी सेवा शर्तें और सुविधाएं देने की मांग की गई है। इनमें स्थानांतरण, अवकाश, अनुकंपा नियुक्ति, पीएफ कटौती और वेतन संबंधी मांगें शामिल हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि रोजगार सहायकों से पंचायत सचिवों के समान काम लिया जाता है, लेकिन उन्हें समान सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं।

दो अक्टूबर से आंदोलन की चेतावनी

संगठन ने सरकार और प्रशासन को मांगों पर कार्रवाई के लिए 1 अक्टूबर तक का समय दिया है। जिला अध्यक्ष के मुताबिक, तय समय में मांगें पूरी नहीं हुईं तो 2 अक्टूबर से धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। इसके बाद कलम बंद, कंप्यूटर बंद और भूख हड़ताल जैसे आंदोलन किए जाएंगे। संगठन ने यह भी कहा कि राजस्व विभाग की योजनाओं का काम रोजगार सहायकों या पंचायत सचिवों पर थोपा गया तो उसका बहिष्कार किया जाएगा। पदाधिकारियों ने कहा कि दबाव बनाने की कोशिश हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

अब नियमानुसार होगी जर्जर स्कूल की सामग्री की नीलामी



हैदरगढ़। ईंटें, लोहे के गाटर, फरसी सहित कुछ सामग्री पहले ही बेच डाली।

हरिभूमि न्यूज ⏭हैदरगढ़

- अब नियमानुसार फिर से कराई जाएगी नीलामी प्रक्रिया।

हैदरगढ़ उप तहसील के ग्राम पंचायत मोहम्मदगढ़ में जर्जर स्कूल भवन की सामग्री बिना नीलामी के बेच दी गई थी।

बाद में नीलामी प्रक्रिया के लिए मुनादी कराई गई। इस मामले को हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाते हुए खबर प्रकाशित की। खबर का असर हुआ और पंचायतों को बेची हुई सामग्री करीब 18 गाटर, 150 फर्सियां वापस बुलवानी पड़ी। इस सामग्री को स्कूल कैंपस में रखवा दिया गया है। मोहम्मदगढ़ के शासकीय स्कूल के जर्जर भवन को तुड़वाने के लिए आधी अधूरी प्रक्रिया अपनाई गई थी। हालांकि शिक्षा विभाग में 15 हजार रुपए की राशि जमा की गई थी। लेकिन नीलामी बोली से पहले ही सामग्री को ठिकाने लगा दिया गया था। बाद में नीलामी के लिए गांव में मुनादी कराई गई तो ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। ग्रामीणों ने सरपंच और सचिव पर बिना जानकारी के सामग्री बेचने का आरोप लगाया था। पंचायत सचिव आशिया बी ने बताया कि जर्जर भवन नीलाम करने के लिए बकायदा शिक्षा विभाग में राशि जमा कराई गई थी। गाटर, गेट, खिड़की, दरवाजे पहले से ही रखे थे। जो फर्सियां गईं थी वह वापस आ गई हैं। अब नियमानुसार नीलामी कराई जाएगी।

खबर का असर

सनशाइन सोलर गोदाम चोरी का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

विदिशा। रंगई स्थित सनशाइन सोलर एनर्जी गोदाम में हुई चोरी का कोतवाली पुलिस ने खुलासा करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी विल्सन जोसेफ पिता राजू जोसेफ (26), निवासी जतरापुरा, के कब्जे से चोरी गया सोलर प्लेट का एल्युमिनियम रीप करीब 30 हजार रुपए कीमत का बरामद किया है। फरियादी नवीन कोठारी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 596/2026 के तहत मामला दर्ज किया था। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी की गई। इस मामले में पुलिस पूर्व में छह महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी से पूछताछ जारी है।

135 स्व-सहायता समूहों ने बनाए 2.96 लाख दीये

सेवा संकल्प अभियान में रोशन होगा जिला, गोबर और मिट्टी से तैयार होंगे दीये

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं जन सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिले में आज शाम 7 बजे आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम से अभियान का शुभारंभ होगा।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में विदिशा जिले में आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम के सुव्यवस्थित रूप से क्रियान्वयन के लिए आजीविका मिशन द्वारा जिले के 135 स्व सहायता समूहों ने मिट्टी और गोबर से निर्मित 2 लाख 96 हजार 987 दीपक तैयार किए हैं। जिसमें गोबर से निर्मित 70 हजार 761 और मिट्टी से निर्मित 2 लाख 26 हजार 226 दीपक तैयार किए गए हैं।

ग्यारसपुर विकासखंड के 30 स्व सहायता समूह द्वारा सर्वाधिक 94 हजार 385 दीपक तैयार किए


जिले के सभी 7 विकासखंड विदिशा, बासौदा, कुरवाई, नटेरन, सिरोंज, लटेरी और ग्यारसपुर के कुल 135 स्व सहायता समूहों द्वारा यह दीपक आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम के लिए तैयार किए गए हैं। कुरवाई विकासखंड के 25 स्व सहायता समूह द्वारा कुल 59 हजार 400 दीपक तैयार किए गए हैं, जिनमें 33 हजार 650 गोबर से निर्मित और 25 हजार 750 मिट्टी से निर्मित दीपक शामिल हैं। नटेरन विकासखंड के 18 स्व सहायता समूह द्वारा कुल 32 हजार 900 दीपक तैयार किए गए हैं, जिनमें 4 हजार 150 गोबर से निर्मित और 28 हजार 750 मिट्टी से निर्मित दीपक शामिल हैं। सिरोंज विकासखंड के 10 स्व सहायता समूह द्वारा कुल 13 हजार 630 दीपक तैयार किए गए हैं, जिनमें गोबर से निर्मित 1511 और मिट्टी से निर्मित 12119 दीपक शामिल हैं। लटेरी विकासखंड के 15 स्व सहायता समूह द्वारा कुल 22 हजार 900 दीपक तैयार किए गए हैं, जिनमें 6500 गोबर से निर्मित और 16 हजार 400 मिट्टी से निर्मित दीपक शामिल है। ग्यारसपुर विकासखंड के 30 स्व सहायता समूह द्वारा सर्वाधिक 94 हजार 385 दीपक तैयार किए गए हैं।

अभियान की तैयारियों को लेकर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज. ग्यारसपुर। जनपद पंचायत सभागार में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक हुई। इसमें 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित जनसेवा संकल्प अभियान की तैयारियों पर चर्चा की गई। एसडीएम शशि मिश्रा ने पंचायतों में चिन्हित स्थानों पर जनकल्याणकारी कार्यक्रम कराने के निर्देश दिए। जनपद सीईओ जितेंद्र जैन ने बताया कि 25 सितंबर को महाराष्ट्र से आने वाले बाइकर्स मनोरा-ग्यारसपुर क्षेत्र की 25 पंचायतों में योजनाओं का फीडबैक लेंगे। 2 अक्टूबर को ग्राम सभा, सेवा कार्यक्रम, 51 पौधों का रोपण और नशामुक्ति रैली होगी। 7 अक्टूबर को मशाल रैली भी निकाली जाएगी।

मिष्ठान दुकानों से पनीर, रसगुल्ले, आटा और रेस्टोरेंट से चिकन व मटन करी के नमूने लिए

विदिशा। खाद्य विभाग ने जिले के होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा और मिठाई प्रतिष्ठानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। विभाग ने 15 सितंबर को डॉमिनोज पिज्जा, अव्यक्त रेस्टोरेंट और रजवाड़ी स्वीट्स का निरीक्षण किया गया। अव्यक्त रेस्टोरेंट से पनीर और आटा तथा रजवाड़ी स्वीट्स से रसगुल्ले के नमूने लिए गए। 16 सितंबर को ढाबा आशियाना, कल्लू का ढाबा, होटल सयाजी और हवेली रेस्टोरेंट की जांच की गई। ढाबा आशियाना से चिकन करी और मटन करी के नमूने लिए गए। सभी नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी। प्रतिष्ठान संचालकों को स्वच्छता और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।



3 माह से भुगतान नहीं, संकट में भोजन समूह, रसोईयों का पारिश्रमिक भी अटका

ग्यारसपुर। मध्यान्ह भोजन योजना से जुड़े स्व-सहायता समूहों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी ग्यारसपुर को ज्ञापन सौंपा गया। समूहों ने बताया कि प्राथमिक से माध्यमिक शालाओं में मध्यान्ह भोजन संचालन के बावजूद उन्हें पिछले तीन माह से भुगतान नहीं मिला है। वहीं, रसोइया बहनों का पारिश्रमिक भी लंबित है। लगातार भुगतान नहीं मिलने से समूहों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। दुकानदारों ने भी उधार देने से इनकार कर दिया है, जिससे भोजन व्यवस्था संचालित करने में परेशानी आ रही है। समूहों ने जल्द लंबित भुगतान जारी करने और समस्याओं का निराकरण कराने की मांग की है।

यूपीआई शुल्क लेने से व्यापारी होंगे परेशान: आशीष माहेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा व्यापार महासंघ के नेता प्रतिपक्ष एवं उपाध्यक्ष आशीष माहेश्वरी ने यूपीआई से होने वाले व्यापारिक लेनदेन पर प्रस्तावित शुल्क का विरोध करते हुए इसे डिजिटल अर्थव्यवस्था की गति के लिए अनावश्यक अवरोध बताया है।

उन्होंने कहा कि भारत को पारदर्शी और नगद रहित अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ाने में यूपीआई की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। माहेश्वरी ने कहा कि प्रस्तावित व्यवस्था के तहत 15 अक्टूबर से दो हजार रुपए से अधिक के व्यापारिक लेनदेन पर शून्य दशमलव चार प्रतिशत शुल्क लगाने की बात कही जा रही है। 75 हजार रुपए या उससे अधिक के लेनदेन पर अधिकतम 300 रुपए की सीमा तथा ईंधन, दूरसंचार, बीमा और रेलवे जैसी आवश्यक सेवाओं में दो हजार रुपए से अधिक के भुगतान पर पांच रुपए का शुल्क प्रस्तावित है।

आशीष माहेश्वरी ने कहा कि इसका सीधा असर छोटे और मध्यम व्यापारियों पर पड़ेगा। व्यापारी अतिरिक्त बोझ को उपभोक्ताओं पर डाल सकते हैं या नकद लेनदेन की ओर लौट सकते हैं। इससे अर्थव्यवस्था के औपचारिक विस्तार को नुकसान होगा। माहेश्वरी ने वित्त मंत्रालय से प्रस्तावित शुल्क तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि वर्तमान समय में अर्थव्यवस्था को निर्बाध विकास की आवश्यकता है, नए शुल्कों की नहीं।

पुलिस पंचायत में 4 प्रकरणों की सुनवाई, 2 मामलों में बनी आपसी सहमति

सुनवाई: एक मामले में पिता-पुत्र के विवाद में सुलह दूसरे में मिक्सी की राशि किस्तों में देने पर सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सीनियर सिटिजन पुलिस पंचायत की बैठक में बुधवार को वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े 4 प्रकरणों की सुनवाई की गई।

कोर कमेटी ने दोनों पक्षों की बात सुनकर संवाद और समझाइश के जरिए 2 मामलों का आपसी सहमति से निराकरण कराया। पहले मामले में विदिशा निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग ने शिकायत की थी कि उनका बेटा गाली-गलौज कर परेशान करता है और भरण-पोषण भी नहीं देता। पंचायत में दोनों पक्षों की बात सुनी गई। सामने आया कि विवाद पारिवारिक कारणों से था। समिति की समझाइश के बाद पिता-पुत्र के बीच सहमति बनी और विवाद खत्म हो गया। कार्रवाई से संतुष्ट बुजुर्ग ने बेटे के साथ प्रसन्नता जताई।

दूसरे मामले में एक बुजुर्ग महिला ने शिकायत की थी कि मिक्सी लेने के बाद संबंधित महिला उसकी राशि का भुगतान नहीं कर रही है और सामान भी वापस नहीं कर रही। दोनों पक्षों को बुलाकर वास्तविक स्थिति समझी गई। समिति की समझाइश के बाद मिक्सी की राशि किस्तों में देने पर सहमति बनी और प्रकरण का समाधान कर दिया गया। अन्य 2 मामलों में भी सुनवाई करते हुए आगामी कार्रवाई और अगली सुनवाई की प्रक्रिया तय की गई। बैठक में पुलिस पंचायत कोर कमेटी के सदस्य डॉ. सचिन गर्ग, अतुल शाह, डीके बाजपेयी, आरके कुलश्रेष्ठ, प्रमोद व्यास, विनोद के. शाह, अजय टंडन और पार्थ पीतलिया मौजूद रहे। बैठक पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में हुई।



विदिशा। सीनियर सिटीजन की सुनवाई करते हुए एडिशनल एसपी।

23 ग्राम पंचायतों में कल होगा भ्रमण व निरीक्षण

विदिशा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का क्रियान्वयन 7 अगस्त से 8 जनवरी 2027 तक क्रियान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत शुक्रवार 18 सितंबर को जिले की जनपद पंचायत विदिशा के दो क्लस्टर पीपलखेड़ा कला और धमनोदा की कुल 23 ग्राम पंचायतों में भ्रमण एवं निरीक्षण कार्यक्रम शुक्रवार 18 सितंबर को आयोजित होगा। पीपलखेड़ा कला की ग्राम पंचायत पीपलखेड़ा कला, नथनपुर, कोठीचार कला, सांकलखेड़ा खुर्द, शेरपुर, दुपारिया, सहजाखेड़ी (खेजड़ा), रुसल्ली, सतपाड़ा सराय, अहमदानगर, चित्तौरिया, सुल्तानिया और धमनोदा क्लस्टर की ग्राम पंचायत धमनोदा, बर्रो, पिपरिया अजीत, पौआनाला, भूत परासी, कबूला, बाला बरखेड़ा, सायर, करेला, बामोरा और खेजड़ा सुल्तान शामिल हैं।

बासौदा मंडी भाव

गेंहू
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-5320
सरसों
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-7802
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-6100
धान
न्यूनतम भाव-2780
उच्चतम भाव-2780
चना
न्यूनतम भाव-4460
उच्चतम भाव-6460
मटर
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-3230
मूंग
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-7380
मक्का
न्यूनतम भाव-1470
उच्चतम भाव-1940
उड़द
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-2400
मसूर
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-8800
धनिया
न्यूनतम भाव-11000
उच्चतम भाव-12701
मैथीदाना
न्यूनतम भाव-5012
उच्चतम भाव-2012
बटरी
न्यूनतम भाव-1750
उच्चतम भाव-3790
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-3371

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 7344.5 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ चयन

गंज बासौदा। जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन नवांकुर के डॉल्फिन कैंपस में किया गया। इस प्रतियोगिता में डॉल्फिन की छात्रा रुद्रिका दुबे कक्षा 7, रितु कुशवाह कक्षा 7 तथा नवांकुर की छात्रा प्राची लोधी कक्षा 7, दीक्षा प्रजापति कक्षा 9, सौम्या पाल कक्षा 9, झलक शर्मा कक्षा 11 ने उत्कृष्ट योग का प्रदर्शन किया। उपर्युक्त सभी छात्राओं का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जिन्होंने क्रीड़ा प्रभारी विजय शर्मा और डॉल्फिन कीड़ा प्रभारी गौरव भारद्वाज के निर्देशन में कठिन परिश्रम और अभ्यास किया। नवांकुर के क्रीड़ा प्रभारी विजय शर्मा ने बताया कि संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 17 एवं 18 नवंबर को भोपाल में किया जावेगा। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक शैलेंद्र कुमार दीक्षित, प्राचार्य संदीप कुमार रावत और संदीप नारायण जेटली तथा वरिष्ठ अध्यापकगण पहलवान सिंह राजपूत, केशव लाहौरी ने विद्यार्थियों को बधाईयां दी हैं।

बुजुर्ग ने जैन साध्वी के प्रति श्रद्धा के लिए 50 हजार की एफडी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



नगर में श्रद्धा, समर्पण और सांप्रदायिक सौहार्द की एक अद्भुत मिसाल देखने को मिली। सिंधी कॉलोनी निवासी वयोवृद्ध सरदार मलिक सिंह उम्र लगभग 94 वर्ष ने जैन साध्वी के प्रति अपनी 20 वर्षों की अटूट श्रद्धा को जीवन के बाद भी जारी रखने के लिए एक अनुकरणीय पहल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरदार मलिक सिंह पिछले 20 वर्षों से निरंतर आर्यिका रत्न माताजी 105 दृढ़मति माताजी को प्रतिवर्ष साड़ी भेंट स्वरूप भेजते आ रहे हैं। अपनी इस परम्परा को अपने जीवन के बाद भी अटूट बनाए रखने की इच्छा से उन्होंने 50,000 रुपये की पोस्ट ऑफिस में एफडी कराई है। उन्होंने इस एफडी को विपिन जैन को सौंपते हुए वचन लिया है कि इस एफडी से प्राप्त होने वाले वार्षिक ब्याज से प्रतिवर्ष माताजी तक साड़ी पहुंचाने की जिम्मेदारी का निर्वहन करते रहें। उन्होंने बाकायदा हाथ से लिखकर अपनी यह वसीयतनुमा इच्छा भी विपिन जैन को सौंपी। उल्लेखनीय है कि सरदार मलिक सिंह कई वर्षों से त्योंदा रोड सिंधी कॉलोनी मंदिर में रहते हैं और कई संस्थानों में अपना सहयोग प्रदान करते रहते हैं। उनके साथ उनकी पुत्री भी रहती हैं। उनके भाव भी समाज सेवा में सदैव समर्पित रहते हैं मलिक सिंह की सुपुत्री नित्यप्रति सिंधी कॉलोनी गुरुद्वारे में अपनी सेवाएं प्रदान करती हैं। 94 वर्ष की आयु में भी संतों के प्रति इस तरह का निश्छल प्रेम और सर्वधर्म समभाव की भावना पूरे नगर के लिए प्रेरणा का स्रोत है। नगर के प्रबुद्धजनों ने सरदार मलिक सिंह की इस पावन सोच की सराहना की है। वहीं जैन समाज ने भी उनकी भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की है।

प्रथम नगर आगमन पर बाल कलाकार सात्विक का हुआ भव्य स्वागत

नगर का नाम रोशन करने वाले सात्विक व सौरभ का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





नगर का नाम प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाली दो प्रतिभाओं का बुधवार को नगर पालिका में भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। इस दौरान नगर पालिका परिसर में खुशी और गर्व का माहौल देखने को मिला।

पहला सम्मान नगर के होनहार बाल कलाकार सात्विक शर्मा का किया गया। सात्विक ने हाल ही में प्रसिद्ध संत नीब करोरी बाबा के जीवन पर आधारित धार्मिक फिल्म 'हनुमान अंश' में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। फिल्म में उनके अभिनय को दर्शकों और समीक्षकों द्वारा काफी सराहा जा रहा है। गंजबासौदा जैसे छोटे शहर से निकलकर बड़े पर्दे पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने पर नपा ने उनका पुष्पमाला और शॉल-श्रीफल से स्वागत किया।

वहीं दूसरा सम्मान नगर पालिका के उपयंत्री सौरभ श्रीवास्तव का किया गया। अभियंता दिवस के अवसर पर नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया था। नगर के विकास कार्यों में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें यह राज्य स्तरीय सम्मान प्राप्त हुआ है। इस सम्मान समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष अंजली मनोज यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव, व्यापार महासंघ के पूर्व अध्यक्ष मनोज डागा, मयंक टांक सहित समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। नपाध्यक्ष ने कहा कि सात्विक शर्मा ने कला के क्षेत्र में और सौरभ श्रीवास्तव ने तकनीकी क्षेत्र में नगर का नाम रोशन किया है। यह दोनों युवा हमारे शहर के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

प्रथम बार नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



गंजबासौदा। नगर के शर्मा परिवार से जुडे और हनुमान अंश फिल्म में शुभांकर की भूमिका निभाने वाले बाल कलाकार सात्विक शर्मा के गत शाम प्रथम नगरागमन पर भव्य स्वागत किया गया। शहर के मुख्य रास्तों से ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य रोड शो आयोजित हुआ। सात्विक शर्मा, राम जानकी मंदिर के पुजारी सुनील शर्मा के भतीजे अभिषेक शर्मा के बेटे हैं। फिल्म रिलीज होने के बाद सात्विक पहली बार यहां पहुंचे। जिसके चलते नागरिकों ने कई गाड़ियों और ढोल-नगाड़ों के साथ उनकी भव्य अगवानी की। इसके बाद बरेठ रोड तक निकले इस रोड शो के दौरान रास्ते भर लोगों और अलग-अलग संगठनों ने फूल बरसाकर नन्हे कलाकार का स्वागत किया। इसके बाद दादूजी प्लाजा में आयोजित कार्यक्रम में विधायक हरि सिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष अंजलि मनोज यादव, राजेश तिवारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अंशलेखा रोहित भावसार, संतोष शर्मा, नितिन यादव, अमृतांशु यादव सहित अनेक सामाजिक व राजनैतिक संगठनों, गणमान्य नागरिकों ने सात्विक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस सम्मान से गदगद बाल कलाकार सात्विक शर्मा ने कहा कि भगवान श्रीराम की कृपा से उनकी फिल्म लोगों को पसंद आ रही है। उन्हें इस फिल्म में काम करने का मौका मिला, इसके लिए वे अपने माता-पिता और प्रभु श्रीराम का आभार मानते हैं।

हिन्दी दिवस पर काव्यांजलि में वक्ताओं ने रखे विचार



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में एलबीएस कॉलेज में काव्यांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षाविदों, प्राध्यापकों और कवियों ने हिन्दी भाषा के महत्व, साहित्य की भूमिका और बदलते समय में हिन्दी के स्वरूप पर अपने विचार रखे। काव्य पाठ के साथ रचनाकारों ने श्रोताओं को साहित्य की संवेदनशील दुनिया से भी जोड़ा। कार्यक्रम में गुलाबगंज शासकीय कॉलेज के प्राचार्य एवं कवि डॉ. मणिमोहन मेहता, अंग्रेजी के प्राध्यापक ने युवाओं से कहा कि आधुनिक एआई तकनीक का उपयोग उपयोगिता के लिहाज से करें ताकि आपकी रचनात्मकता और लेखन कला बनी रहे। एलबीएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पीयूष दुबे, प्राध्यापक पूनम तिवारी, कामर्स विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज सक्सेना, राजनीति विभागाध्यक्ष डॉ. भास्कर दुबे तथा हिन्दी विभागाध्यक्ष मोहर सिंह गुर्जर ने हिन्दी साहित्य की वर्तमान प्रासंगिकता एवं हिंदी को लेकर संवैधानिक स्थिति पर प्रकाश डाला। संचालन साहित्यकार दिनकर कद्रे ने किया। एसजीएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नरेन्द्र कुमार ने कहा हिन्दी के विकास के लिए इतर भाषाओं के साहित्य का अनुवाद बढ़ना चाहिए। भाषा की श्रेष्ठता को लेकर उनकी संकीर्णता खत्म होना चाहिए। उन्होंने प्रेमचंद और प्रसाद की लेखन शैली का उदाहरण देकर प्रेमचंद की हिन्दी को हिन्दी विकास और विस्तार में सहयोगी माना। कवि एवं गजलकार कमलेश बंसल ने गजल पाठ कर नारी जीवन संरक्षण पर जोर दिया, वहीं नवोदित कवयित्री प्रगति यादव ने हिन्दी के महत्व को गीत के माध्यम से रेखांकित किया। कालेज के छात्रों आकाश साहू, अभिषेक अहिरवार सहित अन्य छात्रों ने कविता पाठ किया। काव्य प्रस्तुतियों और साहित्यिक संवाद ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया।

नौनिहालों ने बनाए मिट्टी के गणेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गत दिवस सेवा भारती द्वारा लाल पठार क्षेत्र में संचालित तीन संस्कार केंद्रों द्वारा संयुक्त रूप से जन्माष्टमी उत्सव एवं मिट्टी के गणपति बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के सभागृह में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में बच्चों ने मिट्टी से गणपति बनाए एवं उन्हें हल्दी कुमकुम चावल लौंग इलाइची जैसी प्राकृतिक चीजों से सजाया। वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत बच्चों ने राधा, कृष्ण, शिव पार्वती के रूप धरकर सुंदर भजनों एवं राष्ट्रगीतों की धुन पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं और उपस्थित जन समूह का मन मोह लिया। भाग लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कार भेंट किए गए। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सेवा भारती के नगर अध्यक्ष सावन अग्रवाल, उपाध्यक्ष रवीन्द्र जैन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सेवा प्रमुख रंजीत बघेल, नगर सेवा प्रमुख राजीव मिश्रा उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में बच्चों को सेवा, समरसता, पर्यावरण संरक्षण के बारे में समझाया। वहीं पीओपी की मूर्तियों से नदियों को होने वाले नुकसान से अवगत कराते हुए मिट्टी की प्रतिमाओं का ही उपयोग करने की अपील की। इस मौके पर केंद्र की शिक्षिका रश्मि सोनी, ममता अहिरवार, आंचल अहिरवार सहित बच्चों के माता-पिता, परिवारजन व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

क्रोध, मान, माया, लोभ व्यक्ति के परिणाम खराब करते हैं: सुनीता दीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

बाल ब्रह्मचारी सुनीता दीदी ने स्टेशन जैन मंदिर में प्रवचन देते हुए कहा कि दशलक्षण महापर्व में जो दस धर्म कहे गए हैं उसके यह चार दिवस व्यक्ति को विकारों से विमुक्त करने का उपाय बताते हैं। ये सारे विकार प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में दुःखदायी, एकाकी एवं कष्ट दायक होते हैं। शेष छै दिवस उत्तम, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य, ब्रह्मचर्य की सीख देते हैं। दस धर्म व्यक्ति को अहंकार, क्रोध, मान, माया, लोभ से बचाते हुए अपने जीवन को खुशहाल, धन्य एवं अनेकान्तवादी बनाते हैं। दशलक्षण महापर्व के दस धर्म जीवन जीने की उत्कृष्ट कला को दर्शाते हैं। पर्युषण पर्व की पूर्व बेला में प्रातः 8:30 बजे मंगलाष्टक अभिषेक एवं शांति धारा के साथ संगीता दीदी के निर्देशन में संपन्न हुए। दिनांक 16 सितम्बर से 25 सितम्बर तक पर्युषण पर्व के प्रमुख कार्यक्रम प्रत्येक दिवस महावीर विहार में सम्पन्न होंगे। उक्त जानकारी समाज के मंत्री सतीश जैन मंत्री एवं प्रतीक जैन गोकुल मीडिया प्रभारी ने दी।

जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



बुधवार को नवांकुर विद्यापीठ के डॉल्फिन कैंपस में जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 14 वर्ष से कम, 17 वर्ष से कम, 19 वर्ष से कम, तीनों आयु वर्गों के बालक बालिकाओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर उत्कृष्ट उमावि के प्राचार्य प्रदीप चौरसिया, शासकीय कन्या उमावि के प्राचार्य प्रहलाद भावसार, खेल प्रभारी अंबेश सोनी, शिक्षक आलोक नायक, विद्यालय के निर्देशक शैलेंद्र कुमार दीक्षित, डॉल्फिन प्राचार्य संदीप नारायण जेटली और नवांकुर प्राचार्य संदीप कुमार रावत शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित थे। प्रतियोगिता में सभी तहसीलों के बालक बालिकाओं ने सहभागिता की। प्रतियोगिता खेल शिक्षक अंबेश सोनी, कपिल गौड़, अनय शर्मा, स्वयं शर्मा, मयंक सोनी, मनीष अहिरवार, सुनील शर्मा, अखंड सिंह सेन, राजा राजपूत, जितेंद्र रघुवंशी, गजेंद्र दांगी के द्वारा संपन्न कराई गई। इस दौरान नवांकुर क्रीड़ा प्रभारी विजय शर्मा और डॉल्फिन क्रीड़ा प्रभारी गौरव भारद्वाज उपस्थित थे। इन्हीं खिलाड़ियों में से संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खो-खो खिलाड़ियों का चयन किया जावेगा।

पीएम के जन्मदिवस पर आज लगेंगे रक्तदान शिविर

गंजबासौदा। राज्य सरकार और जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार 17 सितंबर को ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय और ब्लड बैंक मेडिकल कॉलेज विदिशा के समन्वय से शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय गंजबासौदा सहित जिले के प्रमुख आठ शासकीय अस्पतालों में सुबह 10 से 2 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ब्लड बैंक प्रभारी राजेन्द्र कुशवाह ने मानव कल्याण के इस पुनीत कार्य में अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर प्रधानमंत्री के संकल्प सेवा दिवस को सफल बनाने की अपील की है। इन सभी शिविरों के नोडल बीएमओ रहेंगे।

ब्रह्मकुमारी दीदियों ने किया कार्यक्रम को संबोधित

गणेश जी की सच्ची पूजा उनके गुणों को अपनाने से होती है



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सेवाकेंद्र पर गणेश उत्सव के अवसर पर ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने अपने प्रेरणादायक संदेश में कहा कि जब हम श्रद्धा से गणेश जी की मूर्ति का अवलोकन करते हैं तो उसमें निहित प्रतीकों को समझना चाहिए। उनका प्रत्येक अंग, प्रत्येक मुद्रा और उनका वाहन हमें जीवन जीने की एक नई शिक्षा देता है। यदि इन संदेशों को हम अपने आचरण में उतार लें, तो जीवन अधिक संतुलित, शांत और सफल बन सकता है। गणेश जी का विशाल मस्तक हमें यह सिखाता है कि मनुष्य की सोच सीमित नहीं होनी चाहिए। जो व्यक्ति व्यापक दृष्टिकोण रखता है, वही सही निर्णय लेने में सक्षम होता है। विशाल मस्तक उदारता, समझदारी और दूरदर्शिता का प्रतीक है। गणेशजी के बड़े कान यह संकेत देते हैं कि हमें अधिक सुनना और कम बोलना चाहिए। बड़े कान धैर्य और ग्रहणशीलता के महत्व को रेखांकित करते हैं। गणेश जी की छोटी आँखें यह दर्शाती हैं कि जीवन में सफलता के लिए एकाग्रता अनिवार्य है। जो मन हर दिशा में भटकता है, वह अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाता। छोटी आँखें यह भी सिखाती हैं कि बाहरी आकर्षण से अधिक महत्वपूर्ण आंतरिक सत्य है। गणेशजी की सूंड अत्यंत विशिष्ट है। वह शक्तिशाली भी है और कोमल भी। वह बड़े से बड़े कार्य को भी सम्पन्न कर सकती है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी रुकमणी दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में श्रीगणेश को प्रथम पूज्य माना गया है। किसी भी शुभ कार्य का आरंभ गणेश वंदना से किया जाता है चाहे वह शिक्षा हो, विवाह हो, गृह प्रवेश हो या किसी नये व्यवसाय की शुरुआत। गणेशजी का स्वरूप इन्हीं गुणों का प्रतीक है। गणेश जी का एक दाँत त्याग का प्रतीक माना जाता है। गणेशजी का विशाल पेट समाने का प्रतीक है। यह जीवन की हर स्थिति को आत्मसात करने की क्षमता का प्रतीक है। सुख हो या दुःख, प्रशंसा हो या आलोचना, सफलता हो या असफलता इन सभी को समान भाव से स्वीकार करना ही परिपक्वता है। गणेश का वाहन चूहा अत्यंत गहन संदेश देता है। चूहा आकार में छोटा होते हुए भी हर स्थान में प्रवेश कर सकता है। गणेश की चार भुजाएँ जीवन के चार महत्वपूर्ण पक्षों मन, बुद्धि, कर्म और संस्कार के संतुलन का प्रतीक हैं। उनके हाथों में अंकुश, पाश, मोदक और वरद मुद्रा हमें अलग-अलग शिक्षाएं प्रदान करते हैं। अंकुश-मन को नियंत्रित करने का प्रतीक है, पाश-अनुशासन का, मोदक-आत्मिक आनंद का और वरद मुद्रा-करुणा और आशीर्वाद का। श्री गणेश को विघ्नहर्ता कहा जाता है, किंतु इसका अर्थ केवल बाहरी बाधाओं को दूर करना नहीं है। गणेश जी की सच्ची पूजा केवल, फूल, दीप और प्रसाद से नहीं, बल्कि उनके गुणों को जीवन में अपनाने से होती है।

विभिन्न मांगों को लेकर पटवारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

गंजबासौदा। बुधवार को मध्यप्रदेश पटवारी संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में पटवारियों ने स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन 2026 योजना के निष्पादन एवं पंजीयन संबंधी समस्त कार्यों से पटवारी संवर्ग को पूर्णतः पृथक रखे जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि इस योजना से ग्रामीण अंचलों में ऋण संबंधी सहायता होगी और हम स्वामित्व योजना अथवा ग्रामीण नागरिकों को अधिकार अभिलेख के निष्पादन एवं पंजीयन प्रदान करने के उद्देश्य के विरुद्ध नहीं है, परंतु इस योजना के निष्पादन ई-केवाईसी पंजीयन एवं उससे संबंधित व्यक्तिगत दायित्व वाले कार्यों से पटवारी संवर्ग को पूर्णतः पृथक रखा जाए। योजना से पटवारियों को विरत रखा जाये, ग्रामीण आबादी क्षेत्र की भूमि का स्वरूप सामान्य राजस्व कृषि भूमि से भिन्न है। उक्त भूमि के विकास एवं प्रयोजन के समस्त अधिकार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत होकर जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत क्षेत्राधिकार के अंतर्गत हैं। जैसे शहर की आबादी भूमि नगर पालिका, नगर निगम एवं नजूल विभाग के अधीन होती हैं जिसमे राजस्व विभाग के कार्यरत पटवारी का कोई हस्तक्षेप नहीं होता है। इसके अलावा ज्ञापन में पटवारियों ने अपनी अन्य मांगे भी रखीं।



सड़कों पर विचरण करती गायों को भेजा गया गौशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

बुधवार को नगर पालिका परिषद द्वारा नगर की सड़कों पर विचरण करते लावारिस मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नपा अमले द्वारा 10 से 12 गायों को मिल रोड क्षेत्र में अभियान चलाकर पकड़ा गया। जिन्हे पकड़ कर बरेठ रोड की गौशाला में भेजा गया। इस अवसर पर नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, नपा स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मीणा, सफाई दरोगा एवं मेट उपस्थित रहे। उक्त अभियान आगामी दिनों में भी नगर पालिका के द्वारा सतत रूप से चलाया जाएगा। जिससे सड़कों पर विचरण करते मवेशियों के कारण होने वाली परेशानियों से आमजन, वाहन चालकों को राहत मिल सकेगी।

समीर भार्गव ने मुख्यमंत्री से प्रस्तावित स्थानांतरण रोककर नए स्थल का पुनः परीक्षण कराने मांग की

सिरोंज की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है कृषि मंडी, निर्जन पहाड़ी क्षेत्र में स्थानांतरण से व्यापार पर पड़ेगा असर



हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज

सिरोंज की आर्थिक एवं व्यापारिक गतिविधियों की सबसे मजबूत कड़ी कृषि उपज मंडी है। वर्तमान कृषि उपज मंडी को शहर से दूर प्रस्तावित नवीन मंडी परिसर में स्थानांतरित किए जाने की जानकारी के बाद व्यापारियों सहित विभिन्न व्यवसायिक वर्गों में चिंता का माहौल है। व्यापारियों का कहना है कि प्रस्तावित नवीन मंडी स्थल निर्जन एवं पहाड़ी क्षेत्र में है, जहां वर्तमान में पर्याप्त आबादी, बाजार और आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में मंडी का स्थानांतरण किसानों, व्यापारियों और मंडी से जुड़े हजारों लोगों के साथ-साथ शहर के व्यापार और रोजगार पर भी व्यापक असर डाल सकता है। थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष समीर भार्गव ने मुख्यमंत्री से प्रस्तावित मंडी स्थल के स्थानांतरण की प्रक्रिया को फिलहाल रोककर स्थल का पुनः परीक्षण कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मंडी का स्थानांतरण केवल एक परिसर को दूसरे स्थान पर ले जाने का विषय नहीं है, बल्कि यह सिरोंज की वर्षों से बनी आर्थिक एवं व्यापारिक व्यवस्था से सीधे जुड़ा हुआ मामला है।

मंडी से जुड़े हैं हजारों लोगों के रोजगार

समीर भार्गव ने कहा कि कृषि उपज मंडी में प्रतिदिन किसानों द्वारा बड़ी मात्रा में कृषि उपज लाई जाती है। यहां होने वाली खरीद-बिक्री की गतिविधियों से किसानों के साथ व्यापारी, हम्माल, मजदूर, तुलावट, परिवहनकर्ता, वाहन चालक और अन्य कई छोटे-बड़े व्यवसाय सीधे जुड़े हुए हैं। मंडी में होने वाली आर्थिक गतिविधियों का लाभ शहर के कपड़ा, किराना, सराफा, ऑटोमोबाइल, होटल, चाय-नाश्ता, परिवहन सहित अनेक व्यापारिक प्रतिष्ठानों को भी मिलता है। उन्होंने कहा कि वर्षों से मंडी के आसपास व्यापारिक गतिविधियों का एक पूरा तंत्र विकसित हो चुका है। किसान अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचते हैं और इसके साथ ही शहर में अन्य खरीदारी एवं व्यवसायिक गतिविधियां भी होती हैं। यदि मंडी को शहर से दूर ऐसे स्थान पर स्थानांतरित किया जाता है जहां अभी पर्याप्त बसाहट और सुविधाएं नहीं हैं, तो इसका असर केवल मंडी व्यापार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि शहर के दूसरे व्यवसायों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

35 वर्षों में उद्योग नहीं, मंडी भी दूर हुई तो बढ़ सकता है पलायन

अनाज तिलहन व्यापार संघ का कहना है कि सिरोंज क्षेत्र में लंबे समय से रोजगार के पर्याप्त साधनों की कमी बनी हुई है। पिछले लगभग 35 वर्षों में क्षेत्र में अपेक्षित बड़े उद्योग स्थापित नहीं हो सके हैं। ऐसे में कृषि उपज मंडी ही शहर की आर्थिक गतिविधियों को गति देने वाले प्रमुख आधारों में शामिल है। व्यापारियों का कहना है कि मंडी से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़ी संख्या में लोगों की आजीविका जुड़ी हुई है। यदि मंडी शहर से काफी दूर चली जाती है तो इससे किसानों और व्यापारियों के लिए आवागमन की अतिरिक्त समस्या खड़ी हो सकती है। वहीं मंडी से जुड़े मजदूर, हम्माल, परिवहनकर्ता और छोटे व्यवसायियों की रोजमर्रा की आर्थिक गतिविधियां भी प्रभावित होने की आशंका है। क्षेत्र में रोजगार के सीमित अवसरों को देखते हुए व्यापारियों ने चिंता जताई है कि ऐसी स्थिति युवाओं के अन्य शहरों की ओर पलायन को बढ़ावा दे सकती है।

किसानों और व्यापारियों की सुविधा को प्राथमिकता देने की मांग

समीर भार्गव ने कहा कि नवीन मंडी का निर्माण और विकास जरूरी है, लेकिन इसका स्थान ऐसा होना चाहिए जहां किसानों को अपनी उपज लाने में सुविधा हो, व्यापारियों को व्यवसाय करने में परेशानी न हो और मंडी से जुड़े श्रमिकों एवं परिवहन व्यवस्था पर भी अतिरिक्त बोझ न पड़े। मंडी का स्थान चयन भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि प्रस्तावित स्थल का प्रशासनिक एवं व्यावहारिक स्तर पर पुनः परीक्षण कराया जाए। स्थल की भौगोलिक स्थिति, पहुंच मार्ग, आसपास की आबादी, परिवहन सुविधा, किसानों की पहुंच, व्यापारिक गतिविधियों तथा भविष्य में विकसित होने वाली सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया जाए।

विकास के साथ आर्थिक व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर

व्यापारियों का कहना है कि सिरोंज में विकास कार्यों का स्वागत है, लेकिन विकास की योजना बनाते समय शहर की मौजूदा आर्थिक व्यवस्था और लोगों की आजीविका को भी ध्यान में रखना आवश्यक है। कृषि मंडी केवल कृषि उपज की खरीद-बिक्री का स्थान नहीं है, बल्कि यह सिरोंज के व्यापारिक चक्र का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने कहा कि नवीन मंडी ऐसी जगह विकसित की जानी चाहिए जो किसानों और व्यापारियों के लिए सुविधाजनक होने के साथ-साथ शहर के रोजगार, व्यापार और भविष्य के विकास को भी मजबूती दे। मंडी के स्थानांतरण से पहले सभी संबंधित पक्षों से चर्चा कर व्यापक जनहित में निर्णय लिया जाना आवश्यक है। व्यापारियों को उम्मीद है कि मुख्यमंत्री स्तर से मामले में हस्तक्षेप कर प्रस्तावित स्थल का पुनः परीक्षण कराया जाएगा और सिरोंज की आर्थिक एवं व्यापारिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री से मिलकर सौंपा ज्ञापन



थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ अध्यक्ष समीर भार्गव ने देवास सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, महासंघ अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, इंदौर मंडी अध्यक्ष मनोज काला, शरद अग्रवाल देवास, विदिशा मंडी अध्यक्ष राधेश्याम सहित अन्य व्यापारियों के साथ मुख्यमंत्री से सीएम हाउस भोपाल में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से प्रस्तावित मंडी स्थल पर स्थानांतरण की प्रक्रिया को फिलहाल रोकने तथा नए स्थल का पुनः परीक्षण कराने की मांग की गई। व्यापारियों ने कहा कि अंतिम निर्णय लेने से पहले स्थानीय किसानों, व्यापारियों, हम्मालों, परिवहनकर्ताओं और अन्य संबंधित हितधारकों के साथ बैठक आयोजित की जानी चाहिए। बैठक में सभी पक्षों की आपत्तियों और सुझावों को सुनकर ऐसा समाधान निकाला जाए जिससे किसी वर्ग को अनावश्यक परेशानी न हो।

सेवा संकल्प अभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन आज



हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरुवार को नगर के राजीव गांधी चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। सिविल हॉस्पिटल सिरोंज में 250 यूनिट रक्त संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वहीं रक्तदान शिविर के सुचारू संचालन के लिए संबंधित ब्लड बैंक एवं अस्पताल की चिकित्सा टीमें तैनात रहेंगी। शिविर में लैब टेक्नीशियन (एलटी), नर्सिंग ऑफिसर सहित सपोर्टिंग स्टाफ की व्यवस्था की गई है। ब्लड बैंक की टीम द्वारा रक्तदाताओं की आवश्यक स्वास्थ्य जांच के बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार रक्त संग्रहण किया जाएगा। शिविर में कार्यरत स्टाफ को आवश्यक किट, प्रमाण-पत्र एवं रिफ्रेशमेंट सहित सुबह 9:30 बजे तक शिविर स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि निर्धारित समय पर रक्तदान शिविर शुरू किया जा सके। इस अवसर पर बीएमओ डॉ नीरज पंथी ने आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में शामिल होकर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की है। विशेष रूप से स्वस्थ एवं पात्र युवाओं, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा विभिन्न संस्थाओं से सहभागिता करने का आग्रह किया गया है। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता



हिंदी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनाई अपनी पहचान : घनश्याम भारती

गढ़ाकोटा। शासकीय पीजी कॉलेज गढ़ाकोटा में हिंदी विभाग एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी दिवस एवं राजभाषा हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत "हिंदी भाषा का अंतरराष्ट्रीय स्वरूप" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. घनश्याम भारती ने की। संचालन हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक रश्मि कर्मी ने किया, जबकि कार्यशाला प्रभारी ममता अहिरवार रहीं। प्राचार्य डॉ. घनश्याम भारती ने कहा कि हिंदी आज भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि विश्व के कई देशों में लिखी, पढ़ी और बोली जा रही है। हिंदी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार लोकप्रिय हो रही है। प्रवासी भारतीयों, साहित्यकारों एवं कथावाचकों द्वारा विदेशों में हिंदी के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।

ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2027 के परिप्रेक्ष्य में आज सागर में निवेशक संपर्क कार्यक्रम

सागर। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2027 के परिप्रेक्ष्य में जिले के उद्यमियों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 17 सितंबर को दोपहर 12 बजे से कलेक्टर सभाकक्ष, सागर में 'निवेशक संपर्क कार्यक्रम' का आयोजन किया जाएगा। उद्योग संचालनालय, भोपाल से प्राप्त पत्र के अनुसार जनवरी 2027 में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन प्रस्तावित है। इसी के तहत जिले के उद्यमियों एवं निवेशकों को विभागीय नीतियों एवं योजनाओं की जानकारी देने तथा इनके बेहतर क्रियान्वयन के लिए उद्यमियों एवं निवेशकों से सुझाव प्राप्त करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

शासकीय माध्यमिक शाला धर्मश्री का किया निरीक्षण

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने अंबेडकर वार्ड स्थित एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला धर्मश्री का निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षाओं में पहुंचकर शिक्षकों से अध्ययन-अध्यापन संबंधी जानकारी ली और बच्चों से संवाद किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी शिक्षकों की उपस्थिति समय पर सुनिश्चित की जाए।

समय पर सेवाएं नहीं देने पर राजस्व अधिकारियों पर जुर्माना

लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत कार्रवाई, 10 आवेदनों के मामले में नायब तहसीलदार पर 30 हजार की शास्ति

विदिशा। लोक सेवाओं के आवेदन तय समय-सीमा में निराकृत नहीं करना राजस्व अधिकारियों को भारी पड़ा। मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम, 2010 के तहत अपर कलेक्टर एवं द्वितीय अपीलीय अधिकारी के न्यायालय ने लंबित आवेदनों और कारण बताओ नोटिस के संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर संबंधित पदाभिहित अधिकारियों पर शास्ति अधिरोपित की है। कार्रवाई के तहत तहसीलदार ग्रामीण विदिशा पर एक आवेदन के लिए 500 रुपए, नायब तहसीलदार वृत्त क्रमांक-2 खामखेड़ा पर 10 आवेदनों के लिए 30 हजार रुपए, तहसीलदार बासौदा पर एक आवेदन के लिए 1 हजार 500 रुपए और तहसीलदार मंडल क्रमांक-4 सिरोंज पर दो आवेदनों के लिए 2 हजार 250 रुपए की शास्ति लगाई गई है। इसी तरह तहसीलदार लटेरी पर दो आवेदनों के लिए 750 रुपए, तहसीलदार ग्यारसपुर पर दो आवेदनों के लिए 1 हजार रुपए तथा नायब तहसीलदार ग्यारसपुर पर तीन आवेदनों के लिए 1 हजार 750 रुपए की शास्ति निर्धारित की गई। नायब तहसीलदार वृत्त क्रमांक-3 शहरखेड़ा, लटेरी के एक आवेदन पर 2 हजार रुपए तथा संबंधित अन्य प्रकरणों में 1 हजार और 500 रुपए की शास्ति लगाई गई। वृत्त अंबानगर, बासौदा के एक आवेदन पर 500 रुपए की शास्ति के आदेश भी जारी हुए हैं। अपर कलेक्टर के न्यायालय ने यह कार्रवाई समय-सीमा में सेवाएं उपलब्ध कराने और लोक सेवा गारंटी व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए की है। निर्धारित अवधि में आवेदन का निराकरण करना संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

सेंटमेरी कॉलेज में बीबीए विभाग की ओर से नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत के लिए फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



सेंट मेरी पीजी कॉलेज में बीबीए विभाग की ओर से नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत के लिए फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रतियोगिताओं में उत्साह के साथ भाग लिया।

प्रतियोगिता के अंतिम चरण में शौर्य राठौर को मिस्टर फ्रेशर और अनन्या जैन को मिस फ्रेशर चुना गया। कार्यक्रम में संस्था संचालक फादर शिंटो, डीन फादर जोस, प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र सचान और बीबीए विभागाध्यक्ष डॉ. गिरीश सुर्जन ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। फादर शिंटो ने कहा कि कॉलेज जीवन केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है। यह व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ाने का भी अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डीन फादर जोस ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए अपनी प्रतिभा पहचानकर उसे निखारने और कॉलेज की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने की बात कही। प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र सचान ने कहा कि फ्रेशर्स पार्टी नए विद्यार्थियों को कॉलेज परिवार से जुड़ने का अवसर देती है। उन्होंने शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार और जिम्मेदारी को जीवन में अपनाने की सीख दी। विभागाध्यक्ष डॉ. गिरीश सुर्जन ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि बीबीए के तीन वर्षों में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, नेतृत्व क्षमता, व्यावहारिक ज्ञान और आत्मविश्वास को विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में फ्रेशर्स प्रतियोगिता के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और अन्य गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहीं। विजेता शौर्य राठौर और अनन्या जैन को अतिथियों एवं विभागीय सदस्यों ने बधाई दी। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. रामानंद मिश्रा, प्रोफेसर विशाखा अग्रवाल और प्रोफेसर प्रशांत सेन का योगदान रहा।



वाहन चेकिंग में सख्ती, नियम तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

सागर। कानून-व्यवस्था और सड़क सुरक्षा को लेकर सागर पुलिस ने जिलेभर में वाहन चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया और नरेंद्र सोलंकी के निर्देशन में प्रमुख मार्गों, चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में वाहनों की जांच की जा रही है। चेकिंग के दौरान वाहनों के दस्तावेज, काली फिल्म, अनधिकृत मॉडिफिकेशन, नियम विरुद्ध नेम प्लेट और अन्य यातायात नियमों की जांच की जा रही है। उल्लंघन मिलने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। संदिग्ध वाहनों और असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर भी पुलिस की नजर है। पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया है। जांच में नशे की हालत में वाहन चलाते मिलने पर संबंधित के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, जरूरी दस्तावेज साथ रखने और शराब का सेवन कर वाहन नहीं चलाने की अपील की है।

सांस्कृतिक गतिविधियों में शामिल होंगी युवतियां

कुरवाई। मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्व-सहायता समूहों की सदस्यों और उनके परिवार की Gen-Z युवतियों के लिए 17 सितंबर को जनपद पंचायत कुरवाई में 'नमो युवा शक्ति' खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें युवतियां चेस, कैरम, खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, रस्साकशी, रेस, यूथ मैराथन, चेयर रेस और चम्मच-नींबू दौड़ सहित विभिन्न गतिविधियों में भाग लेंगी। प्रश्नोत्तरी के साथ मिलेट, प्रोटीन और पारंपरिक आहार पर आधारित कुकिंग प्रतियोगिता भी होगी। संगीत, नृत्य, देशभक्ति और लोकगीतों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। स्व-सहायता समूह की सदस्य महिलाएं अपनी सफलता की कहानियां भी साझा करेंगी। आरसेटी और डीडीयूजीकेवाय से प्रशिक्षित युवतियां भी सहभागिता करेंगी। कार्यक्रम के लिए जिला प्रबंधक रवि चौकसे को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

आदतन अपराधियों को 6-6 माह के लिए किया गया जिलाबदर

सागर। जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर ने आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने को दृष्टिगत रखते हुए दो आदतन अपराधियों को 6-6 माह के लिए जिला बदर करने का आदेश दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में लिप्त शुभम सोनी निवासी मोहन नगर वार्ड, थाना मोतीनगर, जिला सागर को 6 माह एवं सौरभ अहिरवार निवासी किशोर न्यायालय बस्ती, बाघराज वार्ड, थाना सिविल लाइन, जिला सागर को 6-6 माह के लिए जिलाबदर किया है।

किसान कल्याण वर्ष-2026 अंतर्गत बलराम कृषि महोत्सव आज

सागर। किसान कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में 17 सितंबर को 11 बजे से कृषि उपज मंडी परिसर, खुरई रोड, सागर में बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल, मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत उपस्थित रहेंगे।

स्वास्थ्य से खिलवाड़: नवीन वाटर फिल्टर प्लांट की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल, पार्षद ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

नगर परिषद कुरवाई द्वारा बुखारा रोड पर निर्मित नवीन वाटर फिल्टर प्लांट से नगर के विभिन्न वार्डों में पेयजल की सप्लाई की जाती है।

प्लांट की व्यवस्थाओं एवं नगर परिषद की अन्य अनियमितताओं को लेकर पार्षद प्रतिनिधि वार्ड क्रमांक 01 नगर परिषद कुरवाई सीताराम सैनी ने अनुविभागीय अधिकारी कुरवाई को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि वाटर फिल्टर प्लांट की बाउंड्रीवाल नहीं होने के कारण प्लांट की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। आशंका जताई गई है कि असामाजिक तत्व प्लांट में प्रवेश कर पानी में कोई हानिकारक पदार्थ मिला सकते हैं, जिससे बड़ी घटना घटित हो सकती है।

पार्षद प्रतिनिधि ने बताया कि नगर परिषद की अनेक व्यवस्थाओं एवं अनियमितताओं को लेकर उन्होंने स्वयं मौके पर पहुंचकर मुआयना किया है। निरीक्षण के दौरान सामने आई कमियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया है। उन्होंने



प्रशासन से मांग की है कि वाटर फिल्टर प्लांट की सुरक्षा व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त कराया जाए, आवश्यक बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जाए तथा लापरवाही के लिए जिम्मेदार नगर परिषद के अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। करोड़ों रुपए की इस योजना का सही लाभ नगर वासियों को नहीं मिल पा रहा है इस योजना के तहत बनाई गई पानी टंकियां और पाइपलाइन में जाने वाला पानी सड़कों और नालियों पर बहता रहता है। आधी अधूरी योजना को ठेकेदार द्वारा नगर परिषद को सौंपने का प्रयास किया जा रहा है, जिसका परिषद के सदस्यों ने विरोध जताते हुए सीएमओ को चेताया कि बिना परिषद की सहमति के इस योजना को सुपुर्दगी में नहीं लिया जाए।

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, दुपारिया
शाखा-देवखजूरी जिला-विदिशा (म.प्र.)

पंजीयनक्रमांक 521 दिनांक 25.02.1995 दिनांक 07.09.26

वार्षिक आमसभा सूचना

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित दुपारिया के समस्त अंशधारी सदस्यो को सूचित किया जाता है कि साधारण सभा दिन सोमवार दिनांक 28.09.26 को समय दोपहर 1 बजे स्थान समिति कार्यालय दुपारिया में आयोजित की जावेगी। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात होगी जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नही होगी।

रामबाबू किरार — समिति प्रबंधक
किशोर कुमार अहरवाल — प्रशासक

श्री श्री प्रा. बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित
कस्बा विदिशा जिला-विदिशा (म.प्र.)

पंजी/डी.प्रार./VDS/1046/02/11/2016
पंजी क्र./डी.डी.ए.एग्री/वीडीएस/298/07/07/2017 दिनांक 16/09/2026

// वार्षिक आमसभा सूचना //

श्री श्री प्रा. बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित कस्बा विदिशा के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आम सभा दिनांक 30 सितम्बर 2026 बुधवार को दोपहर 1 बजे संस्था कार्यालय में आयोजित की जाएगी। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन स्थान पर 1/2 घंटे पश्चात होगी समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

प्रबंधक आयुष यादव
अध्यक्ष रमेश कुमार

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्री अल्तमस रूमी एवं 2. श्री अलमास खान पुत्रगण स्व. श्री अजहर खान निवासी कमला पथ, सिरोंज तहसील सिरोंज जिला विदिशा म.प्र. द्वारा मेरे पक्षकार वृद्धि फिनसर्व होम फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा से लोन प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है उनके द्वारा एक मकान जिसका क्षेत्रफल 2275 वर्गफिट है जो कि नगर पालिका सीमा अंदर वार्ड नं. 07, मोहल्ला पटवा टोला, सिरोंज तहसील सिरोंज जिला विदिशा म.प्र. में स्थित है जिसकी चतुर्थ सीमाएँ इस प्रकार हैं पूर्व में मोहनबाबू यादव का मकान पश्चिम में रोड़ उत्तर में मकान दक्षिण में रोड़ स्थित है उक्त मकान मेरे पक्षकार के स्वत्व एवं आधिपत्य की पैत्रक संपत्ति है जो कि मेरे पक्षकार के पिता की फौत हो जाने के पश्चात् फौती नामांतरण द्वारा प्राप्त हुआ था।

उक्त मकान पर 1. श्री अल्तमस रूमी एवं 2. श्री अलमास खान पुत्रगण स्व. श्री अजहर खान निवासी कमला पथ, सिरोंज तहसील सिरोंज जिला विदिशा म.प्र. द्वारा लोन प्राप्त करने हेतु मेरे पक्षकार वृद्धि फिनसर्व होम फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा मे आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं उक्त मकान पर किसी व्यक्ति या संस्था का किसी प्रकार का हक या आपत्ति हो तो वह उक्त सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय स्थित प्रथम तल, जिला न्यायालय के सामने, इक्वाटास स्मॉल फायनेंस के ऊपर विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. मे आकर आपत्ति दर्ज करायें ऐसा ना करने की दशा में मेरा पक्षकार कम्पनी उक्त संम्पत्ति पर लोन प्रदान करने अग्रसर होगी समयावधि के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

भवदीय **आशीष श्रीवास्तव** एडवोकेट
प्रथम तल, जिला न्यायालय के सामने, इक्वाटास स्मॉल फायनेंस के ऊपर विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. मोबाईल नं. 9685965100

खबर संक्षेप

नकतरा में क्लीनिक संचालक डॉक्टर का शव मिला

रायसेन। देवनगर थाना नकतरा पुलिस चौकी के तहत नकतरा चौराहे पर स्थित दुकान मालिक दिनेश साहू के एक प्राइवेट क्लीनिक में संचालक डॉक्टर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। क्लीनिक पिछले दो चार रोज से बंद था। जब कमरे से बदबू आने लगी तो पड़ोसियों द्वारा कमरे के अंदर झांक कर देखा शव पलंग पर पड़ा मिला। पुलिस से जानकारी के अनुसार डॉक्टर सुनील अपने घर के अंदर ही क्लीनिक संचालित करते थे और अकेले रह रहे थे। क्लीनिक के अंदर उनका शव पड़ा मिला। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के अनुसार मौत की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। मामले की जांच की जा रही है।

खेत में बिजली करंट से चाचा भतीजे की मौत, खेत में मिले शव

रायसेन। जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के बेरखेड़ी राजाराम गांव में बिजली करंट लगने से चाचा-भतीजे की मौत हो गई। दोनों के शव गांव के पास नदी किनारे एक खेत में मिले। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बेरखेड़ी राजाराम गांव निवासी अशोक अहिरवार (45) अपने 16 वर्षीय भतीजे संजय अहिरवार के साथ दोपहर में फूल लेने के लिए खेत की ओर गए थे। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। मोबाइल पर संपर्क नहीं होने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर खोजबीन की तो दोनों के शव ग्राम चौकीदार नर्मदा चढ़ार के खेत में पड़े मिले। परिजनों के मुताबिक अशोक के हाथ में तार लिपटा मिला। आशंका है कि फसल को जानवरों से बचाने के लिए खेत में लगाए गए तारों में करंट प्रवाहित हो रहा था, जिसकी चपेट में दोनों आ गए।सुल्तान गंज पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शवों के मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट होगी।

ऊंची इमारतों में सुरक्षा ऑडिट नदारद, हादसों का अंदेशा

अन्य जिलों के इंजीनियर पर निर्भर नपा नियम दरकिनार कर रहे भवन मालिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



वर्तमान में ऊंची बिल्डिंग्स की सुरक्षा को लेकर काफी चर्चाएं चल रही हैं, जिसमें जर्जर भवनों की जांच पड़ताल भी शुरू हो गई है। वहीं लोगों का कहना है कि जर्जर बिल्डिंग्स ही सुरक्षा के लिहाज से खतरे की निशानी नहीं है बल्कि इनमें लिफ्ट, फायर सेफ्टी को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।शहर में तेजी से ऊंची-ऊंची बिल्डिंगो का निर्माण हो रहा है। इनमें ज्यादातर निर्माण व्यावसायिक उपयोग के लिए किया जा रहा है। इन बिल्डिंगो में आने-जाने की सुविधा के लिए लिफ्ट तो लगाई जा रही है। लेकिन ये लिफ्ट कितनी सुरक्षित है, इनकी जांच नहीं कराई जा रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार लिफ्ट जांच के लिए अलग से संबंधित नगरीय निकायों के पास लिफ्ट इंजीनियर का होना जरूरी होता है, लेकिन नगरपालिका में लिफ्ट इंजीनियर ही नहीं है। दावा तो अक्सर किया जाता है कि शहर में सभी इमारतों में लिफ्ट सेफ्टी, फायर सेफ्टी का ऑडिट किया जाता है। लेकिन जब निकायों में लिफ्ट या फायर इंजीनियर ही नहीं होंगे तो फिर बड़ी इमारतों में जरूरी सेफ्टी का ऑडिट कैसे और कितना हो पा रहा होगा। इसका आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है। रायसेन जिला मुख्यालय से लेकर आसपास के क्षेत्रों में भी तेजी से ऊंची इमारतों का निर्माण कराया जा रहा है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि शहरी क्षेत्र, अधिक बसाहटों के बीच ज्यादातर व्यावसायिक उपयोग के लिए होटल रेस्टोरेंट या फिर अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए अधिक ऊंचाई की बिल्डिंगो का निर्माण आसान होता है। इनके संचालकों द्वारा व्यवसाय से मोटा लाभ लिया जाता है। लेकिन कई बार ऊंची बिल्डिंगो से जुड़ी सुरक्षा को नजरअंदाज कर दिया जाता है। चूंकि हाल ही में ऊंची बिल्डिंगो को लेकर कई तरह के हादसों की खबरें सामने आ रही हैं। ऐसे में शहर की बिल्डिंग में लिफ्ट, फायर सेफ्टी को लेकर ध्यान दिया जाना चाहिए।

सामने आ चुकी है लिफ्ट से जुड़ी लापरवाही

कुछ ही माह पूर्व शहर में कुछ सरकारी बिल्डिंग में लिफ्ट खराब होने, इसमें कुछ लोगों के फंसने की खबर सामने आ चुकी है। हालांकि इस दौरान कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई है।लेकिन ये घटनाएं इस बात को जरूर साबित करने पर्याप्त हैं, कि शहर में जो ऊंची बिल्डिंगो बनाई गई हैं उनमें लगी लिफ्ट की सुरक्षा को लेकर जिम्मेदारों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जानकारों का तो यह भी कहना है कि सिर्फ लिफ्ट ही नहीं ऊंची बिल्डिंगो के निर्माण के लिए अन्य जरूरी नियमों को भी पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है। शहर में अधिकांश स्थानों में मुख्य मार्ग किनारे ही ऊंची-ऊंची बिल्डिंगो का निर्माण कराया गया है।इनमें निर्माण से जुड़े नियमों की अनदेखी की गई है। यहां बनाई गई बिल्डिंग में सबसे जरूरी वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग सुविधा को दरकिनार कर दिया गया है। चूंकि अधिकांश बिल्डिंगो का उपयोग व्यावसायिक, बैंक प्रायवेट बैंकों बीमा कंपनियों आदि संचालन के लिए हो रहा है, ऐसे में वहां के स्टॉफ से लेकर ग्राहकों के वाहनों को खड़ा करने के लिए जगह नहीं होने से यहां वाहनों को मुख्य मार्ग में ही खड़ा किया जा रहा है। शहर के भारत नगर कॉलोनी से लेकर गोल्डन सिटी कॉलोनी कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने सांची रोड़ भोपाल रोड़ और सागर भोपाल रायसेन स्टेट हाईवे से लेकर रायसेन भोपाल बाईपास तक कई ऊंची इमारतों में कुछ जगह लिफ्ट तो लगाई गई है लेकिन यहां न तो पार्किंग आदि की व्यवस्था पर ध्यान दिया जा रहा है, न ही फायर, लिफ्ट ऑडिट को लेकर चिंता की जा रही है। जबकि कई प्राइवेट अस्पतालों में भी लिफ्ट का उपयोग लगाने की तैयारी की जा रही है। ऐसे में जरा सी असावधानी बड़े हादसों का कारण भी बन सकती है।

दूसरे जिलों के इंजीनियरों से ऑडिट का दावा

जानकारी के अनुसार रायसेन जिले में किसी भी निकाय में फायर सेफ्टी या लिफ्ट सेफ्टी के लिए जरूरी इंजीनियर नहीं है। राज्य शासन ने मल्टीस्टोरी बिल्डिंगो में लगी लिफ्ट का निरीक्षण अनिवार्य किया हुआ है। शासन से यह जिम्मेदारी संबंधित निकायों को सौंपी है। लेकिन कई सालों बाद भी निकायों में सेफ्टी से जुड़े कामों के निरीक्षण के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जानकारी अनुसार शासन द्वारा निकायों को लिफ्ट निरीक्षण के लिए एनओसी जारी करने के लिए अधिकृत किया गया है।लेकिन लिफ्ट इंजीनियरों के नहीं होने से लिफ्ट से जुड़ी सारी सुरक्षा व्यवस्था उन बिल्डिंग मालिकों पर सौंप दी गई है। जिनके द्वारा बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा है।

इनका कहना है...

हमारे यहां जिन बिल्डिंग्स में लिफ्ट लगना होता है, वहां लिफ्ट के लिए जो जगह छोड़ी जाती है। उसका निरीक्षण करते हैं, बल्कि लिफ्ट से जुड़ी जो मशीन लगाई जाती है उसके लिए हमारे पास अलग से इंजीनियर भी है।

सुश्री सुरेखा जाटव, नपा सीएमओ, रायसेन

आज लगेगा आधार जन समाधान शिविर

लंबित व जटिल मामलों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक देंगे मार्गदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले के नागरिकों की आधार संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए रायसेन शहर में पहली बार विशेष ह्लआधार जन समाधान शिविरह्व आयोजित किया जा रहा है। शिविर 17 सितंबर को रायसेन आधार सेवा केंद्र पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लगेगा। इसमें यूआईडीएआई भोपाल की विशेष टीम मौजूद रहेगी। शिविर में आधार से जुड़े लंबित प्रकरणों, तकनीकी दिक्कतों और प्रक्रियात्मक समस्याओं की सुनवाई की जाएगी। यूआईडीएआई के अधिकारी नागरिकों की समस्याएं सीधे सुनकर प्रकरण के अनुसार आवश्यक जांच, कार्रवाई और मार्गदर्शन उपलब्ध कराएंगे। कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा,एसडीएम मनीष शर्मा आधार केंद्र रायसेन के मैनेजर कमल सिंह जाटव के अनुसार, जटिल मामलों में निर्धारित प्रक्रिया के तहत निराकरण की कार्रवाई की जाएगी।

मूल दस्तावेज साथ लाना जरूरी

जिले के ऐसे नागरिक, जिन्हें आधार में किसी भी प्रकार की समस्या है या उनका प्रकरण लंबे समय से लंबित है, वे शिविर में पहुंचकर अपनी समस्या बता सकते हैं। नागरिकों से कहा गया है कि वे आधार संबंधी समस्या से जुड़े मूल दस्तावेज और आवश्यक प्रमाण-पत्र साथ लेकर आएं। इससे प्रकरण की जांच और आगे की कार्रवाई में सुविधा होगी।

सीधे यूआईडीएआई अधिकारियों के सामने रख सकेंगे समस्या

शिविर की खास बात यह है कि नागरिकों को आधार संबंधी जटिल मामलों में सीधे यूआईडीएआई भोपाल की टीम के सामने अपनी समस्या रखने का मौका मिलेगा। अधिकारियों द्वारा प्रकरण के अनुसार आवश्यक प्रक्रिया समझाई जाएगी और समाधान के लिए आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि आधार से संबंधित समस्या, लंबित प्रकरण या किसी प्रक्रिया को लेकर मार्गदर्शन की जरूरत है तो वे 17 सितंबर गुरूवार को रायसेन आधार सेवा केंद्र पहुंचें। शिविर का उद्देश्य नागरिकों की आधार संबंधी समस्याओं की सुनवाई कर उन्हें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जल्द समाधान उपलब्ध कराना है।

अंधे मोड़ों पर विजिबिलिटी शून्य होने से मंडरा रहा खतरा

सलामतपुर-भोपाल-विदिशा मार्ग पर सड़क किनारे झाड़ियां बनीं जानलेवा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर सफर करना इन दिनों वाहन चालकों के लिए हादसों को न्योता देने जैसा साबित हो रहा है। कस्बा सलामतपुर से गुजरने वाले इस मुख्य मार्ग पर सड़क के दोनों ओर उगी घनी और ऊंची झाड़ियों ने पूरे मार्ग को दुर्घटना संभावित क्षेत्र में तब्दील कर दिया है। बीते कई महीनों से जिम्मेदार विभाग द्वारा झाड़ियों की कटाई-छंटाई न कराए जाने के कारण सड़क की चौड़ाई सिमट कर रह गई है, जिससे दिन-रात तेज रफ्तार से दौड़ने वाले वाहनों के बीच आमने-सामने की भिड़ंत का खतरा लगातार बना हुआ है।

अंधे मोड़ों पर छिपे खतरे, घट रही दृश्यता-स्थानीय रहवासियों और नियमित वाहन चालकों का कहना है कि हाईवे के किनारों पर बेतरतीब उगी झाड़ियां न केवल सड़क का दृश्य बाधित करती हैं, बल्कि अंधे मोड़ों और चौराहों पर सामने से आने वाले वाहनों को पूरी तरह से ढक लेती हैं। हाईवे पर चलने वाले तेज रफ्तार वाहनों को सड़क के किनारे का स्पष्ट दृश्य नहीं मिल पाता, जिससे अक्सर अचानक सामने आ जाने वाले पशुओं या अन्य वाहनों से बचने के चक्कर में गाड़ियां अनियंत्रित हो जाती हैं। स्थिति यह है कि हल्की सी लापरवाही या दृश्यता में कमी सीधे किसी बड़े हादसे का कारण बन रही है।

अंधाधुंध रफ्तार और भारी ट्रैफिक से बढ़ा हादसे का ग्राफ

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 क्षेत्र के सबसे व्यस्ततम मार्गों में से एक है। इस मार्ग से प्रतिदिन रीवा, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, बीना, ललितपुर, झांसी और इंदौर के बीच चलने वाली 100 से अधिक अंतरराज्यीय चार्टर्ड बसें गुजरती हैं। इसके अलावा भोपाल से विदिशा के बीच चलने वाली लोकल बसें, ओवरलोडेड डंपर, ईंट ढोने वाले व्यावसायिक वाहन (407) और डीजल टैंकर दिन-रात अंधी रफ्तार से दौड़ते हैं। सड़क की कम चौड़ाई और उस पर झाड़ियों का अतिक्रमण होने के कारण तेज रफ्तार वाहनों को ओवरटेक करना बेहद जोखिम भरा काम हो गया है।

हालिया दर्दनाक हादसों से भी नहीं जागे जिम्मेदार

हाल के दिनों में घटी दर्दनाक घटनाओं ने इस हाईवे के खतरों को उजागर किया है।अभी कुछ ही दिन पूर्व विदिशा के तीन पत्रकारों की इस मार्ग पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में जान चली गई।करीब एक सप्ताह पहले हलाली डैम रोड पर एक अनियंत्रित कार चालक ने दो वाहनों को जोरदार टक्कर मार दी थी, जिसमें दीवानगंज गांव के एक बेकसूर युवक की असमय मृत्यु हो गई।

इनका कहना है...

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर सड़क के दोनों ओर लंबी-लंबी झाड़ियां उग आई हैं। इनकी वजह से आगे का रास्ता दिखाई नहीं देता और आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। शासन-प्रशासन को इस समस्या का शीघ्र अति शीघ्र स्थायी समाधान निकालना चाहिए।

कालूराम मीणा, सरपंच, ग्राम पंचायत खोहा।

नप का विशेष सेवा सफाई अभियान आज

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर दीनदयाल परिसर में सामूहिक रूप से जलाए जाएंगे दीया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



भारत के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों की सेवा साधना और विश्व में भारत का गौरव बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर मोदी के जन्मदिन पर नगर परिषद द्वारा सुबह विशेष सेवा स्वच्छता कार्यक्रम रखा गया है। शाम को जन्मदिन पर मोदी के दीर्घायु की कामना करते हुए दीनदयाल परिसर पर सामूहिक रूप से दीया जलाने के कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक एवं राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल की विशेष उपस्थिति रहेगी।

सामूहिक रूप से दीया जलाएंगे-गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के साथ नरेंद्र मोदी पिछले 12 वर्षों से देश के प्रधानमंत्री हैं इन 12 वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति की ओर दुनिया में भारत का मान सम्मान बड़ाए जाने से देश का प्रत्येक नागरिक गोरानबित है। भाजपा के कार्यकर्ताओं नेताओं में मोदी जी का जन्मदिन मनाने भारी उत्साह उमंग का माहौल बना हुआ है। भाजपा द्वारा 17 सितंबर से एक माह तक सेवा संकल्प अभियान शुरू किया जा रहा है। नगर परिषद के अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने सभी से सेवा स्वच्छता अभियान में सहभागिता करने और शाम को घर दुकानों एवं सामूहिक रूप से मोदी के जन्मदिन पर दीया जलाने के कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

विधायक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का किया लोकार्पण

रायसेन। रायसेन जिले के देवनगर में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा द्वारा आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज यहां पांच करोड़ 70 लाख रू लागत से निर्मित 30 बिस्तर के सामुदायिक केन्द्र भवन का लोकार्पण किया गया है। इस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डिलीवरी सुविधा, एक्स-रे सुविधा तथा मेडिसिन ऑनलाइन प्रोसक्रिप्शन सुविधा उपलब्ध होने से देवनगर और आसपास के कई गांवों के लोगों को बेहतर और त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं तथा सेवाएं मिलेंगी। विधायक डॉ चौधरी ने अपने उद्बोधन में क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यो तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी उपस्थित रहे।

दीवानगंज में लगेगा जिला स्तरीय जन विश्वास कैंप

बिजली, पानी, राजस्व, पेंशन व राशन की समस्याओं का करेंगे समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज



सांची विकासखंड के ग्राम दीवानगंज में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिला स्तरीय विशेष जन विश्वास कैंप शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा। कैंप को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को सांची नायब तहसीलदार सुरेश सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने संभावित आयोजन स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीवानगंज और सेंट जॉर्ज स्कूल पहुंचकर ग्रामीणों के बैठने, विभागीय स्टॉल, पेयजल, छाया, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए स्थान देखा। निरीक्षण के दौरान दीवानगंज पंचायत के सरपंच गिरजेश नायक, चौकी प्रभारी सुनील शर्मा, एपीओ प्रवीण त्रिपाठी , एई आशीष कांबले , प्रचार प्रीति कहार,पंचायत सचिव रामप्रसाद मालवीय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

एक ही जगह मिलेगी कई विभागों की सुविधा-जन विश्वास कैंप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को छोटी-बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत देना है। कैंप में विभिन्न विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर मौजूद रहेंगे। ग्रामीण अपनी समस्याएं सीधे संबंधित अधिकारियों के सामने रख सकेंगे। पात्र हितग्राहियों से योजनाओं के आवेदन भी लिए जाएंगे और कई मामलों में मौके पर ही निराकरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

इन गांवों के ग्रामीण रख सकेंगे अपनी समस्याएं-कैंप में दीवानगंज के साथ अंबाड़ी, सेमरा, नरखेड़ा, जमुनिया, निनोद, बरजोरपुर, सरार, कयामपुर, संग्रामपुर, मुस्काबाद, गिदगढ़ सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण पहुंच सकेंगे। प्रशासन का प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जाए।

बिजली-पानी से लेकर पेंशन और राशन तक की शिकायतें-कैंप में ग्रामीण बिजली, पानी, राजस्व, पेंशन, राशन, सड़क, आवास और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के सामने रख सकेंगे। वहीं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों के आवेदन भी लिए जाएंगे।

एसडीएम भी पहले कर चुके हैं स्थल निरीक्षण

कैंप की तैयारियों को लेकर रविवार शाम रायसेन एसडीएम मनीष शर्मा सहित स्थानीय तहसील एवं प्रशासनिक अधिकारियों की टीम भी दीवानगंज पहुंची थी। टीम ने संभावित आयोजन स्थल का निरीक्षण कर मंच, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, छाया, पार्किंग और विभागीय स्टॉल के लिए स्थान का जायजा लिया था। अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए गए थे।

ग्रामीणों से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील-प्रशासन ने क्षेत्र के ग्रामीणों से अपील की है कि वे शनिवार को आयोजित जिला स्तरीय जन विश्वास कैंप में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी समस्याएं संबंधित अधिकारियों के सामने रखें। कैंप में ग्रामीणों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों-कर्मचारियों को दिए गए हैं।

मोर छठः महिलाओं ने विसर्जित की शादी की सामग्री

मिश्र तालाब घाट पर गूंजे भजन, सिर पर कलश रखकर पहुंचीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



भाद्रपद की षष्ठमी बुधवार को मोर छठ मोरवाई छठ के मौके पर शहर के मिश्र तालाब घाट पर बड़ी संख्या में महिलाएं मोर विसर्जन करने पहुंची। इस दिन वह महिलाएं मोर विसर्जन करती हैं, जिनके घर नई नवेली दुल्हा दुल्हनों के इस साल शादी-विवाह हुए हैं। पंडित ओमप्रकाश शुक्ला राममोहन चतुर्वेदी दुर्गा प्रसाद शर्मा ने बताया कि इस दिन शादी-विवाह की सामग्री का विसर्जन किया जाता है। इस दौरान नाते-रिश्तेदार के साथ चार-पांच महिलाएं सिर पर कलश रखकर ढोल नगाड़ों के साथ भजन गाते हुए मिश्र तालाब के तट पर पहुंचती हैं। इस कलश में विवाह सामग्री जैसे- मोर पंख खंभ, गोला सुपाड़ी, पटली (जिस पर दूल्हा-दुल्हन को बिठाकर हल्दी लगाई जाती है) और मोर होता है। इसी तरह सांची सलामतपुर देवनगर में भी महिलाएं घरों से मोर लेकर भजन गाते हुए नदी घाट पर पहुंची और विधि-विधान से विसर्जन किया। मान्यता है कि इससे नवविवाहित जोड़े का वैवाहिक जीवन सुखी रहता है।

त्योहारों को लेकर थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक हुई

डोल ग्यारस, अनंत चौदस, राधा अष्टमी व गणेश विसर्जन पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



आगामी धार्मिक त्योहारों को लेकर बुधवार को थाना ग्राउंड में एसडीएम अंकित जैन की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डोल ग्यारस, अनंत चौदस, राधा अष्टमी एवं गणेश विसर्जन की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने धार्मिक समितियों के सदस्यों से त्योहारों के दौरान शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। सोमवार की रात्रि में हुई घटना से पुलिस प्रशासन सक्रिय बना हुआ है। एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती द्वारा नगर की गणेश उत्सव समितियों के सदस्यों से गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर चर्चा की गई। एसडीओपी मुकाती द्वारा कहा गया कि नगर की सभी गणेश उत्सव समितियां एक स्थान पर एकत्रित होकर सामूहिक रूप से विसर्जन करें। प्रशासन द्वारा छोटी-बड़ी गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए हनुमानगढ़ी घाट एवं बारना नदी पर व्यवस्थाएं की जाएंगी। वहीं, अधिक ऊंचाई वाली बड़ी गणेश प्रतिमाओं को कुछ समितियों द्वारा नर्मदा तट पर ले जाकर विसर्जित किया जाएगा। बैठक में बिजली की व्यवस्था सुधार ने की मांग सदस्यों द्वारा की गई। थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने हिंदू उत्सव समिति से छोटी बड़ी गणेश उत्सव समितियां की सूची उपलब्ध कराने का कहा।

इनकी रही उपस्थिति

बैठक में एसडीएम अंकित जैन, एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती, तहसीलदार शैलेश सिंह, सीएमओ हरिशंकर वर्मा, थाना प्रभारी कपिल गुप्ता, विद्युत विभाग अधिकारी रामप्रकाश शर्मा, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष दिनेश बवेले, अंशुल वर्मा, अंकुर चौहान, सचिन शांडिल्य, राधेश्याम पालीवाल, पूर्व अध्यक्ष दुर्गा धाकड़, योगेश पटेल, अवनीश पालीवाल,मनोज चौधरी, पार्षद पूरन सिंह धाकड़,शारदा प्रसाद सराठे,हरि चरण बारीवा, गोपाल स्वरूप ठाकुर, पार्षद पप्पू मेहरा, दीपक माहेश्वरी, राजू ठाकुर, खालिद ठेकेदार, शोएब खान, ओवैस खान, सहित नगर के गणमान्य नागरिक, गणेश उत्सव समितियों के सदस्य एवं पत्रकार उपस्थित रहे।